**खबर संक्षेप**

## आदित्य साहू ने अर्जित किये 12वी कक्षा में 91%



**मण्डला।** आदित्य साहू ने 12वी कक्षा में 91% (maths) प्राप्त करके अपने विद्यालय भारत ज्योति का नाम रोशन किया । आप संजय कुमार साहू निवासी collected colony के सुपुत्र है। आदित्य ने बताया कि JEE mains clear करलिया है और यह जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं।इन्होंने स्कूल में चोथा स्थान प्राप्त किया है।

## कक्षा दसवीं की परीक्षा में 05 भैया/बहिनों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया

**बम्हनीबंजर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदहा वार्ड बम्हनी बंजर से 52 भैया/बहिन सम्मिलित हुए। जिसमें बहिन अंतरा पाण्डेय पिता श्री अरूण कुमार पाण्डेय ने 489/500 अंक अर्जित कर 97.8% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ मंडला जिले में द्वितीय स्थान पर रही, बहिन प्राची हरदहा पिता श्री गजेन्द्र हरदहा ने 480/500 अंक अर्जित कर 96% के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान, बहिन भावना साहू पित भजन लाल साहू ने 477/500 अंक अर्जित कर 95.4% के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान, बहिन याशिका जंघेंला पिता राजेंद्र जंघेंला ने 464/500 अंक अर्जित कर 92.8% के साथ विद्यालय में चतुर्थ स्थान एवं भैया प्रथम कुमार टांडिया ने 463/500 अंक अर्जित कर 92.6% के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया।विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें 42 भैया/बहिन प्रथम , 05 भैया / बहिन द्वितीय एवं 05 भैया /बहिन तृतीय स्थान पर रहे। समिति परिवार एवं विद्यालय परिवार द्वारा भैया /बहिनों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**मण्डला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 10 मई 2025 शनिवार को जिला न्यायालय परिसर मंडला में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला के द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा।

### 108 से पहुंचे घायल को न वार्ड बॉय मिला, न इलाज

# CT स्कैन के इंतज़ार में बिगड़ी हालत



*** बदहाल व्यवस्था बनी चिकित्सालय की पहचान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 07 मई 2025 की दोपहर करीब 3 बजे बम्हनी क्षेत्र के सतबहनी मंदिर के पास साइकिल सवार ओम प्रकाश लोधी को एक तेज रफ्तार इनोवा वाहन (क्रमांक MP07-BA-5508) ने टक्कर मार दी। हादसे में ओम प्रकाश को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गए।

घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय मंडला रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने के कारण बाद में उन्हें जबलपुर ले जाया गया। इस पूरे मामले में जिला चिकित्सालय मंडला की स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही भी सामने आई है। घटना के संबंध में बी.एस. ठाकुर ने बताया कि घायल ओम प्रकाश लोधी को शाम लगभग 5:45 बजे 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन वहाँ कोई वार्ड बॉय या गार्ड मौजूद नहीं था। परिजनों को स्वयं स्ट्रेचर लाकर घायल को खींचते हुए आकस्मिक कक्ष (कक्ष क्रमांक 14) में ले जाना पड़ा। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने 15 नंबर कक्ष में ड्रेसिंग के लिए भेजा और तत्काल रेफर की पर्ची बना दी। जब परिजनों ने डॉक्टर से बात की तो उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए यहीं इलाज किया जाए। इसके बाद केवल एक बॉटल चढ़ाई गई और ड्रेसिंग की गई।

सीटी स्कैन के लिए जब मरीज को भेजा गया तो वहाँ उपस्थित टेक्नीशियन ने कहा कि 7:30 बजे लाइट बंद हो जाएगी, और सीटी स्कैन सेंटर बंद करने की तैयारी करने लगीं। बी.एस. ठाकुर द्वारा डॉक्टर धुर्वे से बात करवाने के बाद भी उन्हें यही जवाब मिला कि लाइट बंद हो जाएगी, 8 बजे आकर करेंगे रात्रि 9:30 बजे तक भी सीटी स्कैन नहीं हो पाया, जिससे मजबूर होकर परिजन मरीज को प्राइवेट एम्बुलेंस से जबलपुर ले गए। घायल के नाक से खून निकल रहा था, कमर में फैक्चर, सिर में गंभीर चोटें और गर्दन की हड्डी भी टूटी थी।

व्हाट्सएप ग्रुप में बी.एस. ठाकुर ने आरोप लगाया कि पूरे जिला अस्पताल में न कोई सहयोगी कर्मचारी मिला, न वार्ड बॉय, न सुरक्षा गार्ड-स्वास्थ्य सेवाओं की घोर लापरवाही सामने आई है। घटना बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र की है और स्थानीय लोगों ने लापरवाह वाहन चालक एवं जिला अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## नारायणगंज के दो प्रवाहित क्षेत्र में चल रहे हैं ओवरलोड वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

बस स्टैंड से डुब प्रभावित क्षेत्रों में थाने के सामने से निकल रहे ओवरलोड वाहन जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इस रोड में आए दिन कभी भी दुर्घटना होती रहते हैं ओवरलोड होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई साल पुरानी खराब गाड़ी भी इसी रोड में चलाई जा रही हैऔर मौत के मुंह में बैठकर गाड़ी वाले अपने कमाई के सामने किसी प्रकार कोई व्यवस्था नहीं की जाती ऑटो चालक जीप कमांडर में खड़े होकर यात्रियों को ले जाया जाता है पर अभी तक कोई कार्यवाही न होने कारण गाड़ी वालों के हौसले बुलंद हैं किराया भी कोई निश्चित नहीं है सीजन के अनुसार अभी शादी विवाह का सीजन चल रहा है उसमें कराया मनमाना वसूल किया जा रहा है अतः प्रशासन से निवेदन है कि शीघ्र कार्यवाही की जाए।



## शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं उद्यमी-संजय कुशराम

*** आरडी कॉलेज के ऑडीटोरियम में आरएएमपी अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आरडी कॉलेज के ऑडीटोरियम में आरएएमपी के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योगों को बढ़ाने के लिए शासन लगातार प्रयासरत है। इसके लिए अलग-अलग स्कीम बनाई गई हैं। मंडला के उद्यमी शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। एमएसएमई की यह कार्यशाला प्रदेश शासन की ओर से उद्यमियों के लिए किस प्रकार मदद कर रही है इसकी संपूर्ण जानकारी के लिए आयोजित की गई है। ऑनलाईन मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग और अन्य तरह के मार्केटिंग प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल कर आज व्यापार को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडला में इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने के लिए मोहनिया पटपरा में लघु उद्योग निगम के साथ नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसका लाभ हमारे स्थानीय उद्योगपति लें और क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पर सृजित करें। भविष्य में मंडला, नैनपुर क्षेत्र में ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही कृषि आधारित उद्योगों पर भी फोकस करने की आवश्यकता है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि इस कार्यशाला का महत्व इसलिए है कि हमारे उद्यमी अपने उत्पादों के विक्रय में देश की बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बड़े व्यापारियों के पास बड़े स्केल पर व्यापार होता है जिससे सूक्ष्म एवं लघु उद्योग चलाने वालों को प्रतिस्पर्धा करना कठिन होता है। इसके लिए हमें सरकार की योजनाओं का फायदा उठाना चाहिए। इस कार्यशाला के माध्यम से आप सभी यह समझने का प्रयास करें कि ये आपकी वेल्यूचेन को किस तरह सहयोग कर सकती है। आप अपने व्यापार की कमियों को पहचानें और शासन की योजनाओं का फायदा उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धा शक्ति को बढ़ाएं।

इस एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से जिले के उद्यमियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही एमसीएलएस और एलपीआर के विषय में भी पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से खुली चर्चा की गई। इस अवसर पर जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले, एलडीएम श्री सुजोय कुमार, जीएमडीआईसी डिंडौरी श्रीमती राधिका कुशरो सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस आयोजित हुआ कार्यक्रम



**मण्डला।** 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी मंडला के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के संजीवनी स्वास्थ्य केन्द्र स्वामी सीताराम वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में रेडक्रॉस के जनक हेनरी डुनेंट के तैल्यचित्र पर सिविल सर्जन डॉक्टर विजय धुर्वे एवं आजीवन सदस्य नीरज अग्रवाल ने माल्यार्पण किया। इस दौरान डॉ विजय धुर्वे ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस 1948 से हर साल 8 मई को मनाया जाता है। यह दिन हेनरी डुनेंट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जो रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक और नोबेल शांति पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता थे। अपनी स्थापना के बाद से वैश्विक नेटवर्क लाखों लोगों को आशा और राहत प्रदान करके डुनेंट की विरासत का सम्मान करना हमारी मंशा है। वहीं आजीवन सदस्य नीरज अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी पीड़ित मानव सेवा के लिए वर्षो से मंडला में काम कर रही है। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के दिशा-निर्देश पर सोसायटी का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद श्रीमति कामिनी चौधरी ने भी अपने विचार रखे। यहां पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर गर्भवती महिलाओं की जांच की गई वहीं स्थानीय नागरिकों के वजन, ब्लड शुगर, बीपी, आदि की जांच करते हुए उचित सलाह चिकित्सों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ सदस्य राजेश क्षत्री के द्वारा किया गया। इस दौरान आजीवन सदस्य अरूण अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक अग्रिहोत्री, अब्दुल उस्मान खान, पार्षद सुलक्षणा मर्सकोले, गुलाब मरदलिया, डॉ हर्ष कर्महे, डॉ गजेन्द्र गुप्ता, मैनेजर यशवंत डीके, यदुनंदन कछवाहा, रविन्द्र चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बलात्कार करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मण्डला के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश (आर. के. रावतकर) मण्डला द्वारा आरोपी राजा कछवाहा पिता प्रमोद कछवाहा, उम्र 23 वर्ष निवासी कौरगांव थाना महाराजपुर जिला मण्डला को धारा 376 (2) (एन) भा.द.स. में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 20,000 (बीस हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि दिनांक 18.02.2019 को अभियोक्त्री द्वारा थाना में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2016 की बात है उसके गांव में उसकी मम्मी के नाम पर 30 डिस्मिल जमीन है, जिसको मम्मी ने रिश्तेदारी में बेचने की बात की थी, तब उसकी बड़ी मां का लड़का उसके दोस्त राजा कछवाहा के साथ जमीन बिकवाने की बात करने उसके घर पर आये थे, तब मम्मी ने जमीन बेचने की बात की थी। तब से राजा कछवाहा उसके घर जमीन के संबंध में बात करने के लिए आता-जाता रहता था। दिनांक 26.01.2017 को उसके दोस्त का जन्मदिन था। उसके दोस्त ने उससे कहा कि सिद्धबाबा टेकरी मंडला में जाकर जन्मदिन मनायेंगे तब वे लोग सुबह करीब 6 बजे सभी दोस्त व राजा कछवाहा सिद्ध बाबा टेकरी मोटरसायकल से पड़ाव रोड तरफ से गये थे। सुबह करीब 8 बजे केक काटने के बाद राजा कछवाहा ने उसे केक का पीस खिलाया, तो उसे नींद आने लगी तो राजा ने कहा अच्छा नहीं लग रहा है, तो लेट जाओ, तब वह काली पत्थर में लेट गई, जब उसे होश आया तो देखा कि उसके कपड़े उतरे हुये थे तथा गुप्तांग से ब्लड बह रहा था। फिर उसने राजा से बोला कि उसके साथ तुमने ऐसा क्यों किया, तो राजा ने बोला कि वह उसके साथ शादी करेगा, इसलिए ऐसा किया है। फिर उसने नीचे उतर कर घटना की बात दोस्त को बताई थी, जिसके आधार पर अभियुक्त राजा कछवाहा के विरूद्ध पुलिस थाना मण्डला में अपराध क्र.76/2019 अंतर्गत धारा 376 (2) एन भा.द.स. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मण्डला के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश (आर.के. रावतकर) जिला मण्डला द्वारा आरोपी राजा कछवाहा पिता प्रमोद कछवाहा, उम्र 23 वर्ष निवासी कौरगांव थाना महाराजपुर जिला मण्डला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन अपर लोक अभियोजक श्री ब्रजेश चौरसिया के द्वारा की गई है।

**प्रतिभा** | **हाई स्कूल माडौगढ़ का 92% रहा परीक्षा परिणाम।**

# बालिकाओं ने दिखाया प्रतिभा का दम

*** अब्बल आकर किया सबका नाम रोशन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत एकीकृत परिसर हाई स्कूल माधवगढ़ का कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम वार्षिक संस्था में 50 बच्चे अध्यापन कर रहे थे जिसमें प्रथम श्रेणी में 24 बच्चे होते हुए द्वितीय श्रेणी में 22 बच्चे उतरे हुए संस्था एकीकृत परिसर हाई स्कूल माधवगढ़ प्रभारी प्रचार अजय कुमार मरावी एवं संस्था स्टाफ द्वारा समस्त बच्चों बालको एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की गई है प्रभारी प्रचार द्वारा बताया कि समस्त स्टाफ की लगन कर कुशलता एवं कार्य निष्ठा के कारण और छात्राओं के लगन से मेहनत कर परिणाम की इस स्थिति हुई ज्ञात होने की इस परीक्षा परिणाम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा एवं प्रिंसिपल अजय मरावी एवं समस्त हाई स्कूल के स्टाफ की कर कुशलता के कारण परीक्षा परिणाम 92% प्रेषित रहा।

### श्रुति अग्रवाल मैथमेटिक्स साइंस में अव्वल

कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज गणित संकाय की होनहार छात्रा कुमारी श्रुति अग्रवाल माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में 93.8 अंक अर्जित कर विद्यालय एवं विकासखंड का नाम गौरवित किया है कुंवारी श्रुति अग्रवाल अग्रवाल किराना व्यवसाय श्री विजय अग्रवाल की माता रीना अग्रवाल कि पुत्री हैं उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार एवं स्कूल के शिक्षकों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अनन्या सिद्धि अग्रवाल विज्ञान संकाय में अव्वल

नारायणगंज कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज विज्ञान संकाय की होनहार छात्र कुमारी अनन्या सिद्धि अग्रवाल माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं की परीक्षा में 92% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं विकासखंड का नाम रोशन किया है कुमारी अनन्या सिद्धि अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल माता रोशनी अग्रवाल की सुपुत्री हैं उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार एवं स्कूल के शिक्षकों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जुडवा बहनों ने किया स्कूल में टॉप

गरीब कृषक परिवार महेश एवं ज्योति जंघेला की जुड़वा बेटियाँ हर्षिता जंघेला ने 93% व रिषिता जंघेला ने 92.2% कक्षा दसवीं में अंक अर्जित स्कूल टॉप किया है। ये जुडवा बहिनें सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया की छात्रा हैं I परीक्षा परिणाम के बाद जब ये बहिनें अपने नाना –नानी के घर ग्राम ग्वारा पहुँची तब वहां नाना अषाढू एवं नानी चैती बाई जंघेला द्वारा आरती कर के इनका स्वागत किया गया। इसी तरह नैनपुर के अशोक व मनोरमा तिवारी की पुत्री श्वेता तिवारी ने कक्षा दसवीं में 98% अंक प्राप्त कर ज्ञान ज्योती हायर सेकेण्डरी स्कूल नैनपुर को गौरवान्वित किया है और ग्राम लिमरुआ निवासी स्वप्निल व अनुसुइया जंघेला की पुत्री रानी जंघेला ने भी कक्षा दसवीं में 97% अंक अर्जित कर अमल ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल महाराजपुर का नाम रोशन किया है इसी क्रम में भारत ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल मंडला के छात्र एवं साईं स्टेशनर्स एवं प्रिंटर्स संतोष एवं सरिता तिवारी के पुत्र आयुष तिवारी ने कक्षा दसवीं में 95% अंक अर्जित कर परिवार को हर्षित कर दिया है सभी को शुभ चिंतकों द्वारा बधाइयाँ प्रेषित की गई हैं।


## कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला (म.प्र.)

क्र./न.प./लो.नि./2025/221 — बम्हनी बंजर, दि. 08.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृ विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2025_UAD_421569_1 दिनांक 05.05.2025 | वार्ड क्रमांक 12 में दो स्थानों पर कव्हर्ड नाली एवं दो स्थानों पर 2 इंच पाईप लाईन बिछाने का कार्य | 02 माह लागत राशि 208391.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 2090.00 रूपये | 26.05.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑन-लाईन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बम्हनी बंजर

## खबर संक्षेप

### दिव्यांश की सफलता



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर के क्राईस चर्च स्कूल में अध्ययनरत व नर्मदा कालोनी निवासी दिव्यांश पिता चंद्रशेखर कौरव द्वारा कक्षा बारहवी की वोर्ड परीक्षा में 500 में ‍से 409 अंक प्राप्त करते हुये 81.84 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई है। दिव्यांश की सफलता पर शाला परिवार सहित परिजनों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुये उज्जबल भविष्य की कामना की गई।

### युवराज ने किया अपने साथ माता पिता का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर के टीव्हीएन स्कूल में अध्ययनरत युवराज शर्मा द्वारा मध्य प्रदेश वोर्ड परीक्षा कक्षा दसवी में 500 में से 490 अंक प्राप्त करते हुये 98 प्रतिशत अंक लेते हुये जिले के सूची में स्थान प्राप्त करते हुये अपने साथ साथ अपनी संस्था व माता पिता का नाम रोशन किया गया है। ज्ञात हो कि यह छात्र मूल रूप से ग्राम दिघोरी व वर्तमान में नगर के रेलवे स्टेशन चीचली रोड निवासी शिक्षक राकेश शर्मा के पुत्र है। युवराज की सफलता पर ईष्ट मित्रो सहित शाला परिवार द्वारा उज्जबल भविष्य की कामना की गई।

### निकारिका ने किया गांव का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम बगलई निवासी समाजसेवी नरेन्द्र कौरव की पुत्री कुमारी निहारिका पिता नरेन्द्र कौरव द्वारा कक्षा बारहवी वोर्ड परीक्षा में 89.4 प्रतिशत अंक हासिल करते हुये प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की गई है। ज्ञात हो कि यह छात्रा नगर के क्रॉस चर्च कान्वेंन्ट स्कूल में अध्यनरत है। इस तरह गांव की बेटी की सफलता पर संपूर्ण ग्राम बगईल के लोगों द्वारा हर्ष व्यक्त किया जा रहा है।

### महक की सफलता पर पचामा गांव में फैली खुशी की महक



हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। कहा जाता है कि किसी भी सफलता के हकदार सिर्फ शहर में रहते हुये निजी स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चें ही माने जाते है। यदि अवसर मिले तो शासकीय स्कूलों में अध्ययरन करने वाले गांव के बच्चें भी पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई कुमारी महक वर्मा ने साबित की गई है। बताया जाता है कि ग्राम पचामा निवासी व पूर्व भाजपा मडल अध्यक्ष कामता प्रसाद वर्मा की पुत्री कुमारी महक वर्मा द्वारा शासकीय माध्यमिक उच्चतर कन्या शाला सालीचौका में पढ़ाई करते हुये कक्षा बारहवी की वोर्ड परीक्षा में 91.6 प्रतिशत अंक लेते हुये अपनी संस्था के साथ साथ माता पिता व ग्राम का नाम रोशन किया गया है।

### आशी कौरव ने बरहटा गांव का नाम किया रोशन



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। निश्चित तौर से जब गांव के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है तो वह पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम बरहटा बरेली निवासी कुमारी आशी कौरव द्वारा साबित कर दिया गया है। नगर के न्यू ऐज पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवी में अध्ययन करने वाली छात्रा कुमारी आशी पिता प्रदीप कुमार कौरव द्वारा कक्षा दसवी की वोर्ड परीक्षा में 500 में से 472 अंक प्राप्त करते हुये 94 . 4 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल करते हुये अपने साथ साथ अपनी संस्था व ग्राम बरहटा का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

### राशि का सुयश



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। निश्चित तौर से बच्चों से लेकर उनकी शिक्षण संस्था द्वारा किये जाने वाली प्रयासों का पता बच्चों के परीक्षा परिणाम के दौरान ही उजागर हो पाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के आदर्श विद्यापीठ के परीक्षा परिणाम में देखने मिली है। बताया जाता है कि इस संस्था में अध्ययन करने वाली छात्रा कुमारी राशि पिता सत्येन्द्र त्रिवेदी द्वारा कक्षा दसवी की वोर्ड परीक्षा में 500 में से 489 अंक प्राप्त करते हुये 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता अर्जित करते हुये अपनी संस्था के साथ साथ माता पिता का नाम तो रोशन किया गया है। वही जिले की सूची में भी दूसरा स्थान प्राप्त करते हुये दादा धूनी वालो की नगरी का नाम रोशन किया गया है।

### ग्राम पनागर के शासकीय स्टेडियम दर्जनों लोगों ने जमाया डेरा, ग्रामीणों में फैल रही दहशत..?

# बाहरी लोगों के डेरे जमे रहने के चलते सालीचौका क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं सवाल





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा आये दिन लोगों को समझाईश देते हुये सुना जाता है कि जब कोई भी बाहरी व्यक्ति अपने क्षेत्र में आता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जावे। वही पुलिस द्वारा भी शहर हो या फिर गांवों में लगातार गस्त करते हुये इस तरह के लोगों पर नजर रखे जाने की बात कही जाती है। मगर जिस तरह सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनागर गांव के शासकीय स्टेडियम में कुछ बाहरी लोगों द्वारा अपना डेरा जमाया गया है। वही सालीचौका क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है...? क्योंकि ग्राम पनागर के लोगों को इन व्यक्तियों के संबंध में यह जानकारी नही है कि आखिर कार यह लोग कहा से आये हुये है। वही दूसरी ओर इस तरह शासकीय भवन का उपयोग करने की अनुमति किसके द्वारा प्रदान की गई है। इतना ही नही इन लोगों की व्यवस्था के लिये जिस तरह शासकीय टैक्कर का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है वह पंचायत की भूमिका पर भी सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है। इस तरह ग्राम पनागर में बाहरी लोगों का डेरा होने के चलते दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा है..? क्योंकि क्षेत्र में पूर्व के समय घटित हुये मादक पदार्थो के अवैध कारोबार से लेकर अन्य घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बाहरी लोग अपना क्षेत्र डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है । इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है..? क्योंकि बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि लोगों के घरों के अंदर से मोबाईल फोन सहित अन्य प्रकार की चोरी की घटनाओं में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर गुप्त केमरों की सच्चाई इस तरह के धंधों में महिलाओं की भूमिका सामने आने से नही चूक रही है? मगर इस बात को शायद न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई जिम्मेदारों द्वारा जिसका परिणाम है कि इन बाहरी लोगों की क्षेत्र में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा वाहन चोरी से लेकर मादक पदार्थो के आलवा अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर क्षेत्र के शहरों से लेकर गांवों में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः क्षेत्र में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक भेषों में क्षेत्र की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है। यदि उन लोगों के संबंध में सच्चाई का पता किया जावे तो यह जानकारी शायद ही पुलिस के पास भी उपलब्ध नही रहती हो..? इस प्रकार से क्षेत्र में अनजान बाहरी लोगों के डेरे जमे हुए दिखाई पड़ने के साथ आये दिन अपराधिक घटनाओं में बढ़ोत्तरी होते हुये दिखाई देना अपने आप सबालों को जन्म देने से नही चूक पाती है..? मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन अनजान बनना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक महिलाएं जहां नगर की सड़कों अपने मासूम बच्चों को लेकर भीख मांगते हुए देखी जा रही है उनके बारे में शायद ही किसी को इस बात का पता नही है कि आखिर में यह रहने वाली कहा की है और यहां पर भीख मांगने के लिए कैसे पहुंच रही है जो दिन भर शहर से लेकर गांवों की सड़को के भ्रमण करने के बाद कुछ दिनों के उपरांत अचानक गायब हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई क्षेत्र में भीख सहित अन्य कार्यो में लगे हुए किशोरों से लेकर मासूम बच्चों की देखने मिल रही है? जबकि यदि शहर हो या फिर क्षेत्र गांवों में कोई बाहरी व्यक्ति नजर आता है कि सबसे पहले पुलिस को उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्र करते हुए थाने में पूरा उसका वायोडाटा जमा करना चाहिए। मगर ऐसा होते हुए दिखाई ही नही पड़ रहा है जिसके चलते क्षेत्र में लगातार अनेक अपराधिक घटनाएं होने के बाद पुलिस के हाथ खाली रहते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनागर में बने हुये शासकीय स्टेडियम में देखने मिली रही है। जहां पर बताया जाता है कि बीते हुये कुछ दिनों से बाहर से आये हुये दर्जनों लोगों द्वारा इस सरकारी भवन में अपना डेरा जमा लिया गया है। इन लोगों के संबंध में शायद पुलिस को भी जानकारी नही होगी कि आखिर में यह लोग कहा से आये हुये है और इनका रिकार्ड क्या है..? इस तरह ग्राम पनागर में बाहरी लोगों का डेरा होने के चलते जहां ग्रामीणों में दहशत का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर जिस तरह से यह शासकीय संपत्ति का उपयोग करते हुये देखे जा रहे है वह अनेक सबालों को जन्म देते हुये देखा जा रहा है...? इतना ही नही दर्जनों की संख्या में बाहर से आये हुये इन लोगों के लिये जरूरी प्रक्रिया के लिये जिस तरह खुले मैदानों का उपयोग करते हुये देखा जा रहा है उसके चलते सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..। इस संबंध में जब गांव के दयाल पाल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि जिस तरह से बाहर लोगों द्वारा नगर के स्टेडियम में डेरा डाला गया है वह चिंता का विषय है। इतना ही नही इन लोगों को पंचायत का पानी टैक्कर उपलब्ध कराते हुये जो व्यवस्था बनाई गई है उसके चलते चल रही शादी सीजन में लोगों को पानी के लिये टैक्कर नही मिलने से ग्रामवासी परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इसी प्रकार से ग्राम पनागर ही निवासी नरेश चौकसे का कहना है कि मेरा खेत स्टेडिम से लगा हुआ है। जब मै खेत गया तो देखा कि कुछ बाहरी लोग ग्राम के स्टेडियम में डेरा डाले हुये और अपना भोजन तैयार कर रहे है। इस सच्चाई को देखकर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार यह लोग कहा से आये है और इस तरह सरकारी भवन का उपयोग किसकी अनुमति से कर रह है। यदि किसी निजी व्यक्ति द्वारा अपने काम को बुलाया गया है तो उनकी व्यवस्था करने की जिम्मेदार उनका करना चाहिये थी। वही जमुना प्रसाद साहू का कहना है कि इस तरह बाहरी लोगों का रहना निश्चित तौर से ग्राम के लिये चिंता जनक बात है। पुलिस को इनकी जानकारी लेकर इनको हटाना चाहिये या फिर किसी के यहां काम के लिये आये है तो उनकी उस व्यक्ति को व्यवस्था करना चाहिये। इसी प्रकार से ग्राम के दिनेश कीर द्वारा भी इस तरह बाहरी लोगों का बगैर किसी जानकारी के रहना ग्राम सहित संपूर्ण क्षेत्र के लिये चिंता का विषय है। क्योंकि इस समय देश से लेकर प्रदेश व आये दिन घटित होने वाली घटनाओं की सच्चाई को देखते हुये चिंता का विषय बनने से नही चूक रहा है..? इसलिये इस तरह बाहरी लोगों को लेकर प्रशासन को सतर्क रहते हुये इनकी खोज खबर रखना चाहिये। इस तरह शासकीय संपत्ति के उपयोग से भी रोक लगाना जरूरी है।

## ग्राम कुडारी में पांच साल पहले घटित हुये हत्याकांड में पिता पुत्र सहित अन्य तीन को न्यायालय से सुनाई आजीवन कारावास की सजा

### मृतक को न्याय दिलाने में अभियोजक त्रिपाठी ने की पैरवी




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही कोई आरोपी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के बाद चालाकी करते हुये बचने का प्रयास कितने ही क्यों न कर ले। मगर जब मामला विद्ववान न्यायाधीश के समक्ष पहुंचता है तो दूध का दूध और पानी का पानी होने से नही चूक पाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये स्थानीय न्यायालय में उस समय देखने मिली जब लगभग पांच साल पहले ग्राम कुडारी में घटित हुये हत्या कांड को लेकर अपर लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा पेश की गई तर्को से सहमत होते हुये चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश मा. सूरज सिंग राठोड़ के पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सें दंडित करते हुये जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। इस मामले में अभियोजक महेन्द्र कुमारी त्रिपाठी द्वारा पैरवी करते हुये अपने तर्क प्रस्तुत किये गये थे। घटना के संबंध में त्रिपाठी द्वारा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कुड़ारी में 21 मई 2020 को रात्रि 8 बजे आहत रंजीत कीर उसके भाई मुन्ना के साथ मिलकर आरोपी बीरबल कीर के घर जाकर उनके द्वारा उधार दिए गए गेंहू वापस मांगने लगे तो इसी बात को लेकर आरोपी बीरबल ने उन्हें गन्दी गन्दी देते हुये उन्हें उधार दिये हुये गेंहू वापस नहीं दिये गये। इस बात को लेकर आहत रंजीत व मुन्ना ने पंचायत लगाने की बात कहते हुये अपने घर की ओर जाने लगे। उसी दौरान आरोपी बीरबल कीर के घर के सामने बने स्वागत गेट के पास पहुंचते ही आरोपी बीरबल उसका लड़का ओमकार तथा बबलू कीर, भूरा एवं हज्जी कीर ने एक राय होकर अपने हाथों में लाठी - डंडे लेकर आये और रंजीत कीर व मुन्ना कीर के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। जिसके चलते तुरंत घायलों को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा ले जाया गया जहां पर मामले मारपीट का होने के चलते चिकित्सक द्वारा थाना प्रभारी गाडरवारा को तत्संबंध में तहरीर प्रेषित की गई। वही दूसरी ओर अस्पताल में घायलों का जब डाक्टरों के द्वारा घायलों का प्राथमिक उचचार करते हुये स्थिति गंभीर होने के चलते मुन्ना लाल को मेडीकल कालेज जबलपुर रिफर किया गया। इस तहर घायल मुन्ना लाल की इलाज के दौरान मौत होने के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम करने के बाद आरोपियों के खिलाफ डोगरगांव थाना पुलिस द्वारा हत्या का मामला कायम करने के साथ आरोपियों को गिरप्तार करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वही पुलिस द्वारा मामले की जांच के बाद अंतिम प्रतिवेदन मा.न्यायायल के समक्ष पेश किये जाने के बाद मामले की सुनवाई करते हुये न्यायायल द्वारा इस प्रकरण में आयी साक्ष्य व अभियोजक की तर्को के आधार पर आरोपीगण ओमकार कीर, बीरबल कीर, बबलू कीर, हज्जी उर्फ हजारी लाल कीर एवं भूरा कीर को दोषी मानते हुये धारा 148 भा.द.वि. में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/-रु. के अर्थदंड तथा धारा 324/149 भा.द.वि. एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 अर्थदंड तथा धारा 302/149 भा.द.वि. में आजीवन कारावास एवं 1000/-रु के अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय सुनाया गया। इस तरह उधारी के गेंहू की बात को लेकर घटित हुये हत्या कांड में न्यायालय द्वारा आरोपी पिता पुत्र सहित अन्य तीन लोगों को आजीवन कारावास सहित अर्थ दंड की सजा से दंडित किया गया है। वही इस प्रकारण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने पैरवी की गई।

## ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के ओशो लीला आश्रम के संचालक स्वामी राजीव जैन व मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि नगर के ओशो रजनीश की क्रीड़ा स्थली एवं स्थानीय ओशो लीला आश्रम में आने वाली बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष में तीन दिवसीय ध्यान शिविर आयोजन तथा संध्या सत्संग के साथ स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में 11 से 13 मई तक आयोजित किया जा रहा है।
बताया जाता है कि इस दौरान ओशो की अनेकों ध्यान विधिओ का रसपान स्थानीय एवं बाहर से आए हुए ओशो सन्यासी लेंगे । इसके साथ ही 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष ध्यान प्रयोग विपसना किया जावेगा। जैसे निर्विचार हो जाना स्वयं की सांसों को साक्षी भाव से अंदर बाहर आते -जाते देखना यह विपसना ध्यान का मूल स्वरूप होता है जो आध्यात्मिक यात्रा को सबल और पुष्ट करता है।

## प्रशासन की अनदेखी के चलते नगर के स्टेशन मार्ग पर लगातार फैल रहा है शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का जाल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** यदि किसी बीमारी को फैलने के पहले ही उसका इलाज कर दिया जावे तो उस बीमारी को जानलेवा होने से रोका जा सकता है, मगर बीमारी की अनदेखी किये जाने का परिणाम होता है कि वह बाद में इस प्रकार का रूप धारण कर लेती है कि फिर उसे भगापाना मुश्किल हो जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर की शासकीय भूमि पर लगातार हो रही अतिक्रमण रूपी बीमारी को देखते हुये जान पड़ रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि समय समय पर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जाती है जिसमें प्रशासन का काफी हद तक पैसा बर्बाद होता है और प्रशासनिक अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने पर राजनैतिक नेताओं के कोप का शिकार भी होना पड़ता है...? मगर वही अधिकारी शासकीय भूमि पर होने वाले अतिक्रमण के शुरूआती तौर से जिस तरह से चुप्पी साध लेते है उसके चलते अतिक्रमणकारियों को सह मिलने से उनके हौसले बुलंद हो जाते है और शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाती है..? कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग यानि की बीटीआई स्कूल के समीप पावर हाऊस के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि तथा चीचली तिरहा के पास देखने मिल रही है। जहां पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुये जान पड़ रहा है..? यहां पर लगातार हो रहे अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह बात झूठ नही होगी कि जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का जाल बिछ रहा है और वह अपनी आंखे बंद किये हुये है..? क्योंकि जिस जगह इस समय शासकीय भूमि अतिक्रमण के भेंट चढ़ाते हुये देखी जा रही है वह नगर के तहसील कार्यालय से चंद कदम दूरी पर है तो उसके पास से राजस्व विभाग के अनेक जिम्मेदार अधिकारियों के निवास स्थल होने के साथ साथ ठीक उसके पीछे विद्युत कार्यालय स्थित होने के साथ साथ इसी मार्ग से अनेक जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर नेताओं का आना जाना लगा रहता है। मगर इसके बाद भी खुलेआम हो रहे अतिक्रमण की सच्चाई को अधिकारियों से लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी जिस तरह से नजर अंदाज करते हुये देखा जा रहा है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने के लिये अधिकारियों द्वारा इन अतिक्रमणकारियों के लिये अपनी मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई हो..? बताया जाता है कि बीते हुये कुछ दिनों से नगर के बीटीआई स्कूल से लेकर पावर हाऊस के सामने मुख्य मार्ग के किनारे खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा लगातार अपना कब्जा जमाते हुये टपरों की लम्बी लाईन लगा दी गई है और यह क्रम लगातार जारी होने के कारण यहां पर नये नये टपरे स्थापित होते चले जा रहे है। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान देना उचित नही समझा जा रहा

## क्षेत्र के जंगलों से लगातार हो रही बांसों की कटाई को लेकर वन विभाग के अधिकारियों पर लग रहा प्रश्न चिन्ह

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जहां एक ओर लगातार बिगड़ रहे प्रकृति के संतुलन को लेकर सभी लोग परेशान होते हुए देखे जा रहे है और इसी बात को चिंता को लेकर हर साल सरकार द्वारा करोडो रूपया खर्च करते हुए हरियाली महोत्सव का आयोजन करते हुए पौधा रोपण करने के साथ साथ वनों की रक्षा करने के लिए प्रयास किये जा रहे है, मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से वनों की अवैध कटाई का क्रम चल रहा है उस पर अंकुश लगाने में शायद वह वन कर्मी असफल हो रहे है जिनके जिम्मे इन वन की रक्षा करने के लिए हर माह सरकार द्वारा पैसा खर्च किया जा रहा है? यदि वनों की रक्षा करने वाले उन वन कर्मियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उन्हें निहत्थें होकर वनों की रक्षा करने की जिम्मा सौपे जाने के कारण इस प्रकार से वनमाफियों से वनकर्मी स्वयं ही असुरक्षित महसूस करने के कारण शायद वह वनों की रक्षा करने में सफल नही हो पा रहे है और इसी का परिणाम है कि क्षेत्र के जंगलों में खड़े हुए



सागौन सहित बांस व अन्य पेड़ों की कटाई लगातार होने के कारण क्षेत्र के जंगल उजड़ने से नही बच पा रहे है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा पुलिस विभाग को जिस प्रकार रहवासी क्षेत्र में तैनात रहते हुए सारे साधन उलब्ध कराये जाते है। मगर वनकर्मियों को हथियारों के नाम पर एक डंडा तक उपलब्ध न करना जहां चिंता जनक सत्य है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से निहत्थें अधिकारियों से वनों की रक्षा कर पाना असंभव दिखाई देने लगा है? और इसी का परिणाम है कि जिस प्रकार से प्रतिदिन क्षेत्र में सुबह सुबह हरे बांसों को काटकर उनके गट्ठे सहित इमरती लकड़ी को ले जाने वालों को देखने से बनों में हो रही अवैध कटाई की सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पा रही है? जबकि गौर किया जावे तो जंगलों में बांस को स्थापित करने के साथ साथ उनकी रक्षा के लिए वन विभाग द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए मुहिम चलाई जाती है, मगर इसके बाद भी क्षेत्र में खुलेआम हरे बांसों के गट्ठो की बिकते हुए देखकर वन विभाग की कार्यप्रणाली उजागर होने से नही बच पा रही है?

## आकर्षक मैसेज से छले जा रहे उपभोक्ता

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** इस समय संचार सेवाओं में नाम पर सबसे बड़ी माने जाने वाली दूसर संचार सेवा की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि उसके मोबाईल धारक आये दिन नेटवर्क की समस्याओं को लेकर परेशान होते हुए देखे जाते है इस स्थिति में मोबाइल तो सिरदर्द बन चुका है, क्योंकि इस प्रकार की बातें क्षेत्र में तमाम उपभोक्ताओं के मुंह से अक्सर सुनने को मिलती रहती है, क्योंकि सरकारी मोबाईल कंपनी के साथ अन्य किसी भी कंपनी का मोबाइल कंपनी की संचार सेवा को खरीदना, उपभोक्ताओं को परेशानी का कारण बनता जा रहा है। आज मोबाइल सेवा देने वाली कई प्रकार की कंपनियां अपना नेटवर्क खोल उपभोक्ताओं को सुविधा के नाम पर लूटने मे लगी हुई है? मोबाइल कंपानियां तरह तरह के मैसेज भेजकर उपभोक्ताओं से छलावा करती है और बाद मे चार्ज के तौर पर पैसा वसूल लेते है। क्या है उपभोक्ताओं की परेशानियां- क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे शिक्षा का स्तर कम होने के कारण बड़ी आबादी को मोबाइल के बारे मे ज्यादा ज्ञान नही होता है और इसी का फायदा अधिकांश मोबाइल सेवा शुरू करने वाली कंपनियां उठाने मे लगी है। इस सबंध मे ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल मैसेज के माध्यम से रिंगटोन, डॉयलटोन या फिर क्रिकेट व अन्य खेल संबंधी जानकारी के लिए विभिन्न नंबरो को लगाने की बात कहकर पैसे काट लेती है? इस तरह भेजे जाने वाले मैसेजो मे पहले तो फ्री बताकर डॉयल करने को कहते है, फिर इसकी शिकायत किए जाने पर यह कहकर बात खत्म कर दी जाती है कि अपने गलत ऑप्शन इस्तेमाल किया होगा। इतना ही नही, नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ताओं को आये दिन जूझना पड़ रहा है। कई बार इमरजेंसी कॉल करने पर भी बात नही हो पाती है, साथ ही बगैर बात किए ही बैलेंस माइनस मे बताया जाता है? नेटवर्क की समस्या खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग को उठानी पड़ती है। सभी ऑपरेटरों के यही हॉल-लोगो ने बताया कि भारत की सबसे बड़ी कंपनी कहे जाने वाले सरकारी कपंनी का तो यह हाल है कि इसके द्वारा इनकमिंग काल का पैसा भी काट लिया जाता है, बार बार इन्ही कारणो से परेशान होकर उपभोक्ताओं द्वारा इससे दूर होते जा रहे है,कंपनी द्वारा कस्टमर केयर की सुविधा केवल नाममात्र के लिए ही है, और यदि मोबाईल धारक कंपनी द्वारा दिये गये नम्बर पर शिकायत भी करता है तो उसमें कोई निवारण नही होने के कारण मोबाईल धारक लगातार परेशान हो रहे है।



शिवाजी इंटरनेशनल स्कूल
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM | Class - Play group to 10th
व्यवस्थित प्लेग्राउंड एवं एक्टिविटी क्लासेस, सुरक्षित वाहन सुविधा
Do Visit Once Before Getting Your Child Admitted
सांस्कृतिक परिवेश में सुव्रण व आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा
* Abacus Classes for all students
WITH CBSE PATTERN
100% Digital Smart Classes With Smart Teachers
निरंजन वार्ड, आचार्य महल के पास, गाडरवारा जि.नरसिंहपुर मो. 9977414248

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा सातवी तक
DPIS
प्रवेश निःशुल्क
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-9039230199, 7224021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

**खबर संक्षेप**

### वायु प्रदूषण को रोकने का दिया गया संदेश

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी ने बताया कि जिला चिकित्सा लय उमरिया में वायु प्रदूषण रोकथाम एवं उससे स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रभावों के बारे में रंगोली के माध्यम से संदेश दिया गया । इस अवसर पर सिविल सर्जन डा के सी सोनी, आर एम ओ डा संदीप सिंह, नंदिनी पांडेय, समस्त पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

### ग्राम तामान्नारा में जांच शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर स्तर पर सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी कुपोषित बच्चों के स्वा0 में सुधार तथा गंभीर बीमारियों की संभावना के परीक्षण हेतु विशेष स्वा0जांच शिविरों का आयोजन आयोजन 5 मई से किया जा रहा है । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि उमरिया परियोजना क्रमांक 1 अंतर्गत सेक्टर निगहरी के आंगनबाड़ी केंद्र चंदवार में शिविर का आयोजन किया गया । सेक्टर स्तर पर आयोजित शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दबाईयों, प्रोटीन, बिटामिन, आयरन आदि की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई ।

### एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 संबंधी एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में किया गया । कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर प्रियंका सोनी ने जिले के उद्यमियों को विभागीय पोर्टल के माध्यम से रिक्त भूखण्डों हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट की आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया । साथ ही विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में प्रदान की जा सकने वाली सुविधाओं के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।

### माधुरी बचावले का सुयश

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत खाटी में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाटी स्कूल में पढ़ने वाली बारहवीं की छात्रा माधुरी बचावले पिता बुदथे लाल बचावले निवासी ग्राम पंचायत कुमहरवार ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2025 के निकले परिणाम में विज्ञान संकाय में अपने विद्यालय में 78 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे यह साबित होता है की गांव में रहने वाले युवा भी बिना किसी कोचिंग के भी यदि लगन से मेहनत करते हैं तो अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। छात्रा माधुरी ने अपने सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के प्राचार्य रंग लाल सारीवान एवं अपने शिक्षकों को दिया।

### 24 घंटे के अंदर गुमइंसान दस्तयाब की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. पुष्पराजगढ़ (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना राजेन्द्रग्राम पुलिस द्वारा गुम इंसान क्रं. 30/25 07 मई सूचनाकर्ता शिवचरण पिता नर्मदा प्रसाद चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी बरबसपुर का रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी पत्नी रामबाई चंद्रवंशी (परिवर्तित नाम) उम्र 27 वर्ष 07 मई को घर से बिना बताये दो छोटे बच्चो को छोडकर कही चली गई है जिसकी रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 30/25 कायम कर गुमशुदा की पता तलाश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दौरान पता तलास 08 मई को रामबाई (परिवर्तित नाम) पति शिवचरण चंद्रवंशी उम्र 27 वर्ष निवासी बरबसपुर को कस्बा राजेन्द्रग्राम से बुलाया जाकर थाना पर दस्तयाब किया जाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। गुमशुदा की दस्तयाबी में थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम निरी वीरेन्द्र कुमार बरकरे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव, आर. 267 दुर्गेश सिंद्राम की अहम भूमिका रही।

---

**लोगों ने विभिन्न स्थानों की सफाई कार्य में किया श्रमदान, दिया जल संरक्षण का संदेश**

# जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार, बचाओ इसे यही है जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार डिंडोरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "जल गंगा सवंर्धन अभियान" 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है।





### इसी तारतम्य में आज ग्राम सुन्हादादर में नवांकुर संस्था

ग्राम विकास समिति मझियाखार द्वारा जल संरक्षण को लेकर नदी के आसपास स्वच्छता कार्य किया गया नवांकुर संस्था से श्री त्रिलोकी नाथ वनवासी और ग्रामवासियों की सहभागिता रही। इसी प्रकार ग्राम रैतवार महाजन टोला में मेंटर्स धन्नूसिह तेकाम एव ग्रामीणो के द्वारा जल संरक्षण को लेकर तालाब के अन्दर मे स्वच्छता अभियान चलाकर लगभग 2 घंटे का श्रमदान कार्य किया गया। जिससे ग्राम वासियो को सहुलियत होगा और बरसात के पानी इक्ट्ठा होने लगा जिससे गंदगी से मुक्ती मिलेगा और पानी का सदुपयोग होगा एवं पानी सहेजने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मुरली मरावी, सचिव श्रीमति मुकेशवरी तेकाम, बीएसडब्ल्यू छात्र गणेश सिंह श्याम, सोनकली धुर्वे, सावित्रीबाई, दुर्गा बाई एव ग्रामीणो ने सहयोग प्रदान किया गया।

जनपद पंचायत अमरपुर द्वारा चयनित सरहद नाला ग्राम पंचायत बिलासर के सरहद नाला में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्री राम किशोर ठाकुर के उपस्थिति में ग्राम वासियों एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ चौपाल बैठक के उपरांत नाला की श्रम दान के माध्यम से नाले के आस पास जमी गाद एवं खरपतवार झाड़ झाड़ियों की साफ सफाई की गई जिसमे प्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री बद्री प्रसाद चौहान एवं विकास खंड समन्वयक श्री अमर लाल धुर्वे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था उत्थान सेवा संस्थान अलौनी अमरपुर संस्था प्रमुख एवं मेंटर्स उपस्थिति में संपन्न कराया गया।

---

## आईटीआई में व्यावसायिक कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 31 मई तक करें पंजीयन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डिंडौरी के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश कौशल विकास संचालनालय के अंतर्गत संचालित डिंडौरी जिले की समस्त आईटीआई डिंडोरी, शहपुरा, बजाग, मेंहदवानी, अमरपुर, समनापुर और करंजिया में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 1 मई 2025 से प्रारंभ कर दी गई है।

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है, जो ट्रेड के अनुसार अलग-अलग हो सकती है अभ्यर्थी पंजीयन के लिए www.dsd.mp.gov.in से इंटरनेट के माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त कियोस्क, एमपी ऑनलाइन या शासकीय आईटीआई में स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से भी आवेदन करना संभव है। पंजीयन के बाद 10 मई से 31 मई तक इच्छित संस्थाओं और ट्रेड की प्राथमिकता का क्रम अभ्यर्थी अपने लॉग इन पर जाकर चुन सकेंगे।

5 जून 2025 अभ्यर्थियों की कॉमन रैंक सूची उनके लॉग इन पर प्रदर्शित की जाएगी। यदि रैंक में प्राप्तांकों से संबंधित कोई त्रुटि हो, तो अभ्यर्थी उसे 8 जून 2025 की शाम 5 बजे तक ईमेल के माध्यम से सुधार हेतु भेज सकेंगे। 16 जून 2025 प्रथम चयन सूची जारी की जाएगी।

आईटीआई में प्रवेश के लिए निम्नलिखित व्यावसायिक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, इलेक्ट्रीशियन (एनसीवीटी) 2 वर्ष, फिटर (एनसीवीटी) 2 वर्ष, टर्नर (एनसीवीटी) 2 वर्ष, वेल्डर (एनसीवीटी) 1 वर्ष, डीजल मैकेनिक (एनसीवीटी) 1 वर्ष, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एनसीवीटी) 1 वर्ष, फूड प्रोडक्शन जनरल (एससीवीटी) 1 वर्ष इसके अलावा डीएसटी योजना के अंतर्गत भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम शासकीय आईटीआई संस्थान में संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

---

# पुलिस अधीक्षक ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिण्डौरी में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**रघुवीर गौतम, पिता झाम सिंह गौतम, निवासी जाता डोंगरी, थाना समनापुर, डिण्डौरी** — कक्षा 12वीं कृषि संकाय में 484/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। वंशिका बड़गैया, पिता रामप्रकाश बड़गैया, निवासी डिण्डौरी — कक्षा 10वीं में 491/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया। कौशकी कोकड़िया, पिता श्री सहज राम कोकड़िया, निवासी न्यू पुलिस लाइन डिण्डौरी — कक्षा 10वीं में 477/500 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने कहा कि यह विद्यार्थी पूरे जिले के लिए प्रेरणा हैं। इनका सम्मान सिर्फ उनकी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन है।

---

# ऑपरेशन मुस्कान : गुमशुदा नाबालिग बालिका भोपाल से सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी न्यूज।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत डिंडौरी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। चौकी विक्रमपुर पुलिस ने एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को राज्य की राजधानी भोपाल से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया है। यह अभियान पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर गुमशुदा बच्चों की सुरक्षित वापसी हेतु चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमती वाहनी सिंह द्वारा समस्त थानों और चौकियों को इस अभियान के तहत त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा के निर्देशन, एसडीओपी शहपुरा श्री मुकेश अबिंद्रा और थाना प्रभारी शाहपुर श्री हरिशंकर तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी विक्रमपुर सउनि. संतोष यादव के नेतृत्व में टीम ने भोपाल जाकर गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया। इस सफल कार्यवाही में सउनि. मो. एजाज कुरैशी, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान (प्र.आर. 202) एवं आरक्षक जगदीश (आर. 20) की विशेष भूमिका रही। साइबर तकनीक और टीम की सूझबूझ से यह संवेदनशील कार्य पूरी जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना के साथ संपन्न हुआ। पुलिस की इस मुस्तैदी से न सिर्फ एक परिवार को राहत मिली है, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और प्रगाढ़ हुई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने पूरी टीम को सराहना प्रकट करते हुए भविष्य में भी इसी तरह संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया है।

---

# शादी समारोह में शामिल होने आए पुलिस कर्मी की सड़क हादसे में मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी न्यूज



मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में जबलपुर जिले के गोराबाजार थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी योगेन्द्र परस्ते (उम्र लगभग 40 वर्ष) की मौत हो गई। वे ड्यूटी से छुट्टी लेकर परिवार सहित अपनी मौसी के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब योगेन्द्र परस्ते सड़क किनारे खड़े थे। तभी एक अज्ञात बाइक चालक ने उन्हें तेजी से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल डिंडोरी जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना के संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी भूपेंद्र यादव ने बताया कि फिलहाल अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हादसे की सटीक जानकारी मिल सके।

योगेन्द्र परस्ते की असामयिक मृत्यु से उनके परिवार में शोक की लहर है, वहीं पुलिस विभाग ने भी एक कर्तव्यनिष्ठ जवान को खोने पर शोक व्यक्त किया है। जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी ने घटना को देखा हो या वाहन चालक के बारे में कोई जानकारी हो, तो तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

---

## विक्रमपुर चौकी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी स्थाई वारंटी को साइबर सेल की मदद से किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी न्यूज।** विक्रमपुर चौकी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध में फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी शाहपुरा एवं थाना प्रभारी शाहपुर के मार्गदर्शन में की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुलजार उर्फ जवाहर सिंह पिता कमरहा उर्फ राममिलन टेकाम, उम्र 40 वर्ष, निवासी पाकर बघरा चौकी विक्रमपुर के रूप में हुई है। उस पर माननीय विशेष न्यायालय डिण्डौरी में दर्ज प्रकरण क्रमांक 54/2022, धारा 376, 376(2)(n) आईपीसी एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5, 6 के तहत मामला दर्ज है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसे तलाशने में जुटी हुई थी। दिनांक 7 मई 2025 को आरोपी को उसके ठिकाने से दबोचने में विक्रमपुर चौकी प्रभारी संतोष यादव, प्रधान आरक्षक 221 हरे सिंह सैयाम, आरक्षक 312 खेमराज, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक मुकेश परधान और आरक्षक जगदीश की अहम भूमिका रही। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रैक की गई और उसे योजनाबद्ध तरीके से गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आम जनता में विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने टीम को सराहना के साथ भविष्य में भी ऐसे ही सजग और संवेदनशील कार्य के लिए प्रेरित किया है।

---

# धराशायी होकर गिरा आम का पेड़ एवं बिजली खंभे को हटाए जाने की मांग



हरिभूमि न्यूज कोतमा

नगर के वार्ड क्रमांक 6 देबू किराना दुकान के पास जाने वाले रास्ते में कई बड़े-बड़े आम के वृक्ष लगे हुए हैं । नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से वार्ड वासियों की मांग पर नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाना है ठेकेदार के द्वारा नाली का निर्माण कार्य तो पूरा कर दिया गया लेकिन सीसी सड़क का निर्माण अधूरा ही पड़ा है इसका कारण रास्ते के बीचो-बीच बड़े-बड़े वृक्ष आ रहे हैं । पालिका के द्वारा वृक्ष को हटाए जाने की प्रक्रिया भी की जानी थी लेकिन एक भूमि स्वामी के द्वारा बीच सड़क पर ही बाउंड्री बनवाए जाने के लिए गड्ढा खुदवा दिया गया था लेकिन नगर पालिका प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद कार्य तो रोक दिया गया लेकिन विशालकाय वृक्ष लगे होने के कारण आसपास के रहवासियों को कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। कुछ दिन पूर्व तेज आंधी तूफान चलने के कारण वहीं पर लगा एक विशालकाय आम का वृक्ष धराशाई होकर गिर गया जिसके कारण किराए से रह रहे एक शिक्षिका के घर के ऊपर लगे सीमेंट शीट पर गिरा और वह क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण शिक्षिका एवं उसके 5 साल के बच्चे को चोट भी आई और आज तक उस विशालकाय पेड़ एवं बिजली के खंभे को नहीं हटाया गया जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है रात के अंधेरे में तो दिखाई ही नहीं देता यहां तक की आसपास के रहवासियों ने बताया कि बिजली खंभा नहीं लगाई जाने के कारण रास्ते में अंधेरा बना रहता है रात्रि के समय कीड़े मकोड़े काटने का डर भी सताता है। आसपास के रहवासियों ने बीच सड़क पर लगे विशालकाय वृक्ष को हटाए जाने के साथ ही धराशाई होकर गिरा आम का पेड़ एवं बिजली खंभे को हटाए जाने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है।

---

# कोतमा पुलिस के हत्थे चढ़ा सूदखोर, पुलिस अधीक्षक की सराहनीय कार्यवाही

### कई चेक बुक सही नगद व अन्य दस्तावेज बरामद

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

कोयलांचल क्षेत्र में सूदखोरी का नेटवर्क तेजी से फल फूल रहा है। जिसके चंगुल में हर तीसरा कालरी श्रमवीर इनके पास गिरवी हो चुका है। कोतमा क्षेत्र में काफी दिनो से सूदखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिस में अधिक ब्याज दरो पर जरूरत मंदो को ब्याज में पैसा देकर उनका शोषण किया जा रहा था उक्त शिकायतों के प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर सूदखोरो के संभावित स्थानो पर पुलिस के व्दारा दबिश दी गई। गुरुवार को एसडीओपी आरती शाक्य के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों के द्वारा सूदखोरी एवं फंड माफियाओं के 5 ठिकानों पर सुबह 6 बजे रेड कार्यवाही की गई। पुलिस को लहसूई निवासी पूर्व सदर मोहम्मद इकबाल अहमद के घर पर छापा मारते हुए कालरी श्रमवीरो की बैंक पासबुक, हस्ताक्षर युक्त चेक, कई बिना हस्ताक्षर चेकबुक, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, वेतन स्लिप के साथ 3 लाख 18 हजार 940 रुपए जप्त कर सदर के पुत्र मोहम्मद मुस्तान खान उम्र 44 वर्ष के खिलाफ धारा 318 (4), 308(5) बीनस एवं 3/4 मध्य प्रदेश ऋणियों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। सूदखोरी के गढ़ कहे जाने वाले लहसूई गांव में पुलिस की छापेमारी पड़ते ही दर्जनों सूदखोरों में हड़कंप मच गया। कई चर्चित सूदखोर एवं फंड माफिया पासबुक, एटीएम एवं पेमेंट स्लिप को छिपाने में सफल रहे।

पुलिस अधीक्षक को क्षेत्र में काफी दिनो से सूदखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसमें 10 से 20 प्रतिशत की ब्याज दरो पर कॉलरी कर्मचारियों को जाल में फांस कर उनका शोषण किया जा रहा था। फरियादी बृजलाल केवट पिता फत्तेलाल केवट उम्र 53 वर्ष निवासी गोविन्दा कालोनी आमाडांड़ कोतमा की रिपोर्ट पर मोहम्मद मुस्तान पिता इकबाल अहमद (पूर्व सदर) शिकायत प्राप्त हुई कि 50 हजार रूपये की उधारी 20 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर दिया गया था। बदले में कई सारे दस्तावेज भी गहन कर लिया गया। ब्याज की राशि समय पर न दे पाने के कारण आरोपी द्वारा आए हैं घर आकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देता था। शिकायत कर्ता की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 182/25 धारा 318(4),308(5) बी.एन.एस.एवं 3,4 म.प्र. ऋणियो का संरक्षण अधि0 कायम कर मौके से पुलिस टीम के व्दारा आरोपी के घर ग्राम लहसुई गांव में दबिश की कार्यवाही की गई तो आरोपी मोहम्मद मुस्तान खान पिता इकबाल अहमद के घर कब्जे से आवेदक सहित 09 अदद बैंक पासबुक,19 अदद हस्ताक्षर युक्त चेक, 02 अदद बिना हस्ताक्षर युक्त चेक बुक, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कोल माईन्स कर्मचारी की वेतन स्लीप साथ ही 3,18,940 रूपये नगद जप्त किया जाकर आरोपी मोहम्मद मुस्तान खान पिता इकबाल अहमद उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम लहसुई गांव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किए जाने की तैयारी की जा रही थी।

---

## प्रबंधन की सक्रियता से अवैध विद्युत कनेक्शनधारी में हड़कंप

जमुना कोतमा क्षेत्र में काटे गए लगभग 15 सौ कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में 8 मई को चंदेश्वर दयाल एसओई एंडीम विद्युत यांत्रिक विभाग के नेतृत्व में जमुना कोतमा क्षेत्र में लगभग 15 सौ अवैध विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप मच गया 08 मई को महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देशानुसार चंदेश्वर दयाल अपनी टीम में सुधीर कुमार इंजीनियर, मारकंडेय सिंह सुरक्षा प्रभारी, सुशील सराफ, हरजेश शर्मा, राम बहोरी, दिवाकर सिंह, फूल सिंह, नीरज गुप्ता, प्रकाश मिश्रा, रमेश तिवारी व इलेक्ट्रीशियन विद्युत विभाग जमुना कोतमा क्षेत्र के द्वारा टाउनशिप में अवैध कनेक्शन काटा गया जिसमें लगभग 1 मेटा डोर तार एकत्र करके मुख्यालय के स्टोर में जमा किया गया। ज्ञात हो कि अवैध विद्युत कनेक्शन रहने से कालरी प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था इसलिए एसईसीएल प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। मारकंडेय सिंह एरिया सुरक्षा प्रभारी ने बताया कि जमुना कोतमा क्षेत्र में जितने भी अवैध कनेक्शन काटे गए हैं अगर उसे पुनः जोड़ा जाता है तो अगली बार पुलिस को लेकर जाया जाएगा और कनेक्शन धारीयो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व लगभग 1 हजार अवैध कनेक्शन काटे गए थे

---

### कलेक्टर ने 8 लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र किए प्रदान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनके आश्रित सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें 4 लोगों को प्रयोगशाला परिचायक तथा 4 लोगों को भृत्य पद के लिए अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही मेहनत एवं लगन से विभागीय कार्यों को सम्पादित करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### हम्मालों की हड़ताल समाप्त, आज से मंडी मे होगी नीलामी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उपज मंडी समिति में कार्य करने वाले हम्मालों की हड़ताल समाप्त हो गई। सचिव कृषि उपज मंडी समिति नरसिंहपुर ने बताया कि हम्मालों की हड़ताल समाप्त हो चुकी है एवं हड़ताल समाप्त हो जाने पर शुक्रवार 9 मई से विधिवत नीलामी कार्य प्रारंभ किया जायेगा। कृषक अपनी उपज को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में विक्रय के लिए जा सकते हैं।

### पत्नी को प्रताड़ित करने वाले पति, जेठ एवं जेठानी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंकिता श्रीवास्तव के न्यायालय द्वारा महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपीगण विजय साहू पिता शंकरलाल साहू, आयु 50 वर्ष, प्रभु नारायण उर्फ राजू साहू पिता शंकरलाल साहू, आयु 54 वर्ष, सुनीता साहू पति प्रभु नारायण साहू, आयु 41 वर्ष तीनों निवासी-बरमान कला, थाना-सुआतला, जिला नरसिंहपुर को क्रमश विजय साहू को धारा 323/34 भा.द.सं. के आरोप में 6 माह का सश्रम कारावास एवं 200- रूपये के अर्थदंड से, प्रभु नारायण उर्फ राजू साहू को धारा 323/34 भा.द.सं. के आरोप में 6 माह का सश्रम कारावास एवं 200- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं सुनीता साहू को धारा 323/34 भा.द.सं. के आरोप में 6 माह का सश्रम कारावास एवं 200- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### राशन प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी 15 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवाईसी 15 मई तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 15 मई तक ई-केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह जून 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा। जिन सदस्यों हितग्राहियों के 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों और बुजुर्ग का बायोमेट्रिक सत्यापन ई केवायसी पीओएस मशीन से नहीं हो पा रहा हैं। वे एंड्राइड मोबाइल के मेरा केवाईसी एप के द्वारा गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके केवाईसी कर सकते हैं। ई केवायसी करते समय उसी मोबाइल का उपयोग करें जो कि आधार कार्ड में रजिस्टर्ड हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि समस्त हितग्राही सुगमता से राशन प्राप्त करने के लिए 15 मई तक ई-केवायसी निर्धारित समय में शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करें।

### आयुष का सुयश



**हरिभूमि न्यूज़ -तेंदूखेड़ा।** हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में समीपी ग्राम धूपखेडा निवासी अनिल तिनगुरिया के सुपुत्र आयुष तिनगुरिया ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता और प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयुष प्रदीप तिनगुरिया वंदना किराना वालों के भतीजे है।

## सफलता के पीछे है कठोर परिश्रम: कलेक्टर

# प्रदेश सूची में शामिल विद्यार्थियों को किया सम्मानित





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**

गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के कुल 30 विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा कलेक्टर और एसपी ने विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने बच्चों को सहयोग देने के लिए शिक्षकों व अभिभावकों को धन्यवाद दिया।उन्होंने कहा कि आपका सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है। आपकी सफलता के पीछे कठोर परिश्रम है। आप सभी जिंदगी भर ऐसे ही अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित करते रहे। यह हमारा प्रयास है कि शिक्षा तंत्र को और बेहतर बनाया जाए। समाज और हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। बच्चों ने परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया है। अभिभावक बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनने दे।

### बच्चों का बढ़ाए मनोबल

उन्होंने बताया कि जब भी स्कूल में निरीक्षण या अन्य कार्यक्रमों में जाती हैं, तो वे बच्चों से पूछती है कि बड़े होकर क्या बनना है तो जवाब में कई बच्चे पुलिस विभाग में शामिल होकर बड़ा पद हासिल करने की बात कहते है।उन्होंने बताया कि जिले की टॉपर्स बुकलेट भी तैयार की जाएगी जिसमें बच्चों ने किस तरह सफलता अर्जित की है उसका उल्लेख होगा। पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि आप सबके अथक परिश्रम एवं अनुशासन के कारण जिले को लगातार तीसरी बार यह मान मिला है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और असफलता दोनों पड़ाव आते हैं। असफल होने पर घबराएँ नहीं, बल्कि अपनी सफलता के पलों को याद करें और आगे बढ़ें। जीवन में कुछ परीक्षाएं आपको परखने के लिए आती हैं। अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों की करियर बनाने की एक उम्र होती है। आपकी आर्थिक स्थिति चाहे कैसी भी क्यों न हों अपने बच्चों को हमेशा सपोर्ट करें और उनका मनोबल बनाए रखें।

### गोद में उठाकर कलेक्टर ने किया सम्मानित

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुरबड़ा की दिव्यांग छात्रा कुमारी खुशी कश्यप को गोद में उठाकर कलेक्टर ने सम्मानित किया। कुमारी खुशी ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले में कक्षा 10 वीं में कुल 8878 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें 6212 विद्यार्थी प्रथम, 2062 विद्यार्थी द्वितीय और 37 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से पास हुए। इसी तरह कक्षा 12 वीं में कुल 7602 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें 5258 विद्यार्थी प्रथम, 1813 विद्यार्थी द्वितीय और 28 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

### इन विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत और अपर कलेक्टर ने जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया, उनमें अनुराग साहू, जीवनलाल बाथरे, कु. अनामिका पटेल, नमन अग्रवाल, कु. वेदिका, कु. आस्था सिंह, साकेत दुबे, कु. खुशी कश्यप, कु. प्राची कौरव, कु. वेदिका पटेल, कु. रक्षा मेहरा, कु. नम्रता नामदेव, कु. जयश्री पटेल, कु. राजेश्वरी लोधी, कु. काजल पांडे, कु. अदिति दीक्षित, कु. अदिति पटेल, कु. मान्यता शर्मा, शिवम विश्वकर्मा, कु. कंचन पटेल, कु. श्रेया कौरव, कु. ख्याति राजपूत, कु. वर्तिका पारोची, कु. प्रांजल शर्मा, कु. श्रद्धा राजपूत, कु. निशी साहू, रामकुमार सोनी, कु. वत्सला श्रीवास्तव, कु. अंशिका फौजदार एवं कु. नेहा प्रजापति शामिल हैं।

# नरसिंह महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन आज से



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** इस वर्ष भी भगवान श्री नरसिंह का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों के बीच मनाया जायेगा। इसे लेकर व्यापक तैयारियां चल रहीं हैं। श्री नृसिंह प्रकटोत्सव को नरसिंह गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा और 9, 10 एवं 11 मई को तीन दिवसीय आयोजन रहेगा। जिसमें 11 मई को भगवान श्री नरसिंह की जयंती रहेगी। जाट युवा मोर्चा ने बताया कि जिले के सभी संगठन, सकल हिन्दू समाज मिलकर जयंती मनायेंगे। जिसमें कार्यक्रमों के तहत 9 मई को प्रात 5: 30 बजे से रामधुन मंडलियों की सामूहिक प्रभात फेरी, प्रात 8 बजे से स्वच्छता कार्यक्रम, प्रात 10 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताएं पतंग उत्सव चर्च ग्राउंड पर, शाम 4 बजे खो-खो प्रतियोगिता ऑफिसर्स क्लब खो-खो ग्राउंड, शाम 4 व्हालीबाल, कबड्डी उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम, शाम 4 बजे ही बेडमिंटन स्टेडियम बेडमिंटन हॉल, शाम 5 बजे से एथाऐटिक्स दौड़ प्रतियोगिता स्टेडियम ग्राउंड एवं 10 मई को 5रू30 सामूहिक प्रभात फेरी नरसिंह मंदिर से प्रात 8 बजे स्वच्छता कार्यक्रम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में, प्रात 10 बजे जूड़ो प्रतियोगिता असेम्बली हॉल, शाम 4 बजे से स्टेडियम बेटमिंटन हॉल, शाम 5 बजे एथाऐटिक्स दौड़ प्रतियोगिता स्टेडियम ग्राउंड, शाम 7:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम नरसिंह मंदिर तालाब परिसर एवं अंतिम जयंती के दिन 11 मई को प्रात 5:30 बजे से रामधुन मंडलियों की सामूहिक प्रभात फेरी विभिन्न मंदिरों से प्रात 8 बजे से भगवान नरसिंह का अभिषेक, पूजन नरङ्कषसह मंदिर में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक नरसिंह मंदिर परिसर में भंडारा, शाम 4 बजे से नरसिह मंदिर से वाहन रैली, शाम 6 बजे एक दीप भगवान नरसिंह के नाम नरसिंह मंदिर परिसर में शाम 6रू30 बजे भगवान श्री नरसिंह का प्रकटेत्सव महाआरती प्रसाद वितरण एवं रात 8 बजे भजन-गायक जयसिंह राजा द्वारा भजन संध्या में प्रस्तुति दी जायेगी। जाट युवा मोर्चा, श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट एवं श्री मित्र गणेश मंडल, सकल हिन्दू समाज ने सभी से आयोजन में सहभागिता देने की अपील की है।

# सर ड्यूनैंट हेनरी को दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार की उपस्थिति में रेड क्रॉस के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा रेड क्रॉस के संस्थापक ड्यूनैंट हेनरी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। रेड क्रॉस के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा विचार रखे गए। इस वर्ष रेडक्रॉस परिवार के कुछ सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात जिला अस्पताल में फल वितरण कर मरीजों से उनकी कुशलक्षेम पूछ कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। जिला चिकित्सा अधिकारी जी सी चौरसिया से मुलाकात कर जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उक्त अवसर पर प्रमेश शंकर दुबे, डॉक्टर अनंत दुबे, इंजीनियर के के सोनी, डॉ राजेंद्र सोनी, शाकिर अली, शालिनी दुबे, सुमन शर्मा, सुनंदा भट्ट, इंजीनियर निशा सोनी, संगीता दीक्षित सहित राधिका नर्सिंग कॉलेज से रोहित मेहरा एवं छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में और विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में रोगी कल्याण समिति की बैठक बुधवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में 12 प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में डीईआईसी के सुचारू संचालन के लिए एक डाटा एंट्री ऑपरेटर आउटसोर्स के माध्यम से रखे जाने, मरीजों व उनके परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए 80 लीटर क्षमता वाले दो नग वॉटर कूलर, अस्पताल में स्थापित लिफ्ट के रखरखाव के लिए एएमसी, डाटा संधारण के लिए एक कम्प्यूटर, एनआरसी के लिए 4 एसी, आईसीयू के लिए दो एसी, पैथोलॉजी के लिए एक एसी व एसएनसीयू के लिए 4 एसी, मेनगेट के बाये तरफ के लिए रजिस्ट्रेशन, दवा वितरण के लिए 5 कक्ष, टीन शेड निर्माण, प्राइवेट वार्ड के स्थल पर चिकित्सक ओपीडी एवं उनके प्रथम तल पर प्राइवेट वार्ड का निर्माण, एमसीएच भवन में मरीजों के परिजनों के लिये बैठने के लिये ग्रेनाईट से निर्मित पट्टी, पोस्ट एलएससीएस मापदंड के अनुसार फाउलर बेड, वॉइल ऑपरेटर, सीलिंग व लाईट, मेडिकल रिकार्ड रुम के लिए एक नग कम्प्यूटर व स्केनर तथा प्रबंधकीय कार्य के लिए 3 कम्प्यूटर, एचडीयू में विनायल फ्लोरिंग का कार्य करवाये जाने के लिए, औषधीय भंडार गृह के लिए 10 हेवी ड्यूटी आयरन रैक, जिसकी लंबाई 10 फीट, ऊंचाई 8 फीट व गहराई 3.5 फीट क्रय किये जाने के लिए प्रस्तावित अनुमोदित किये गये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. रिपुदमन सिंह, डॉ. रिचा मिश्रा, सौरभ शंकर दुबे, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सिविल सर्जन और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# चिनकी में आयोजित हुई जल चौपाल, बताया जल का महत्व

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जिले के ग्राम चिनकी में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में जिला समन्वयक जयनारायण सिंह ने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए और समुचित उपयोग के लिए वर्षा जल संग्रह करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई और उनके संरक्षण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जिले में जल के महत्व पर संवाद, संगोष्ठी, परिचर्चा, रैली, शपथ, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जा रही है। इस कार्य में जिले की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सामाजिक, धार्मिक, स्वैच्छिक संगठनों, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी के साथ- साथ आम नागरिक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। जल चौपाल में नवांकुर संस्था पिपरहा, रम्पुरा व नन्हीं झामर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिनकी, अखिल विश्व गायत्री परिवार इकाई चिनकी के प्रतिनिधि और ग्रामीण जन मौजूद थे।

# शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु समर कैंप का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य संस्कार भवन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए निशुल्क उमंग समर कैंप का आयोजन 8 से 18 वर्ष तक के बच्चों के जीवन में खेल खेल में योग द्वारा नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए 12 से 22 मई तक प्रतिदिन प्रातः 9:30 से 10:30 बजे तक स्थानीय सेवा केंद्र में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गेम, डांसिंग, पेंटिंग, भाषण, मेडिटेशन, माइंड मेमोरी, मोरल वैल्यूज आदि सिखाया जाएगा।

# दवा डालकर मारी जा रही मछलियां



**हरिभूमि न्यूज़ -तेंदूखेड़ा।** इन दिनों जहां बहुत सी नदियों का पानी सूख चुका है वहीं कुछ नदियों में जहां तहां शेष पानी बचा हुआ है। उनमें क्षेत्रीय मछली बेचने वाले लोग जहरीली दवा डालकर मछली मार रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार वुधवार को भामा के निकट पुल के नीचे कुछ लोगों द्वारा नदी में जहरीला दवा डालकर हजारों मछलियों को मार दिया। और भरकर ले गए कुछ लोगों को समीप आता देख कुछ मछली वहीं छोड़कर भाग निकले।इस तरह की गतिविधियों पर शीघ्र विराम लगाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है।

### संदीपनी स्कूल का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम





**तेंदूखेड़ा।** संदीपनी (सीएम राइज) स्कूल डोभी हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा वहीं हायर सेकंडरी स्कूल का परिणाम 97.72 प्रतिशत रहा । हाईस्कूल में कु.साक्षी सिलावट पिता हाकम सिंह सिलावट ने 474 अंकों के साथ संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु.दीक्षा लोधी पिता भजन लाल लोधी एवं कु.सोनम सेन पिता राजकुमार सेन ने 472 अंकों के साथ संस्था में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कु .शिवानी विश्वकर्मा पिता बीरबल विश्वकर्मा ने 465 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कु.रिया कुशवाहा पिता बसंत कुशवाहा एवं कु.राधा ठाकुर पिता दशरथ ठाकुर ने 464 अंक कु.पूनम पटैल पिता दलीप सिंह ने 461 अंक प्राप्त किये ।इसके साथ ही कक्षा 10वीं में दर्ज सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है।कक्षा 12वीं में कु.आरजू पटैल पिता मदन पटैल ने 438 अंकों के साथ संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु.दीप्ती मेहरा पिता सुजान सिंह मेहरा ने 436अंकों के साथ संस्था में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कु.प्रतीक्षा स्वामी पिता लाल जी स्वामी ने 434 अंकों के साथ संस्था में तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसके साथ ही कु.कविता केवट पिता केशव प्रसाद केवट ने 86.6 प्रतिशत सुकन्या श्रीवास पिता श्री राजकुमार श्रीवास ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कु.आरती पिता जीवनलाल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की ।कक्षा 12वीं के 42 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। संस्था प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

# श्री राम के चरित्र को जीवन में उतारें

**श्रीराम कथा में पं कृष्णाकांत शास्त्री ने कहा**



**हरिभूमि न्यूज़ - तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम खेरुआ में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान 5 मई से क्षेत्र के प्रख्यात कथा वाचक पं कृष्णकांत शास्त्री के मुखारविंद से संगीतमय श्री राम का गुणानुवाद किया जा रहा है। पंडित शास्त्री ने बताया कि श्री राम चरित मानस महाकाव्य में ही मानव जीवन की सारी समस्याओं का हल वर्णित है। जिसने इसे अपने जीवन में उतार लिया।वह भवपार हो जाता है। समस्त व्याधियों से परे होने के बाबजूद भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने जीवन के उन सभी मूल्यों को आत्मसात करते हुए संदेश दिया है। गुरु के प्रति सम्मान माता-पिता की आज्ञा और नारी जाति का सम्मान नीति अनीति धर्म अधर्म की सीख दी है।आज की युवा पीढ़ी को माता-पिता धन और समय खर्च करके बच्चों को बाहर पढ़ने लिखने भेजते हैं। लेकिन पढ़ लिखकर बच्चे अपने माता-पिता को भूलते जा रहे हैं। माता-पिता की आज्ञा पाकर 14 वर्ष वनवास चले गए थे लेकिन आज की पीढ़ी पढ़ लिखकर शादी विवाह के बाद पहले माता-पिता को बाहर निकाल रहे हैं।इन छोटे छोटे विषयों पर हर वर्ग को चिंतन मनन करने की जरूरत है।

भगवान श्री राम ने हर वर्ग को बगैर किसी भेदभाव के सभी जाति वर्ग को गले लगाकर अपना साथी बनाया ।राम कथा के दौरान सुंदर जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।धर्म की स्थापना के लिए भगवान समय समय पर अवतार लेकर आते है। और हम मानव मात्र के कल्याण के लिए भगवान सुंदर लीला के माध्यम से हमें जीवन जीने की कला सीखते है ।एक राजा का धर्म एक पिता का धर्म एक भाई का धर्म एक मित्र का धर्म सब धर्म हमे रामजी के पावन चरित्र से सीखने को मिलता है ।राम विग्रह वान धर्म धर्म की मूर्ति है प्रभु श्रीराम का चरित्र । कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहें हैं तथा यज्ञ नारायण भगवान की श्रद्धालु महिलायें परिक्रमा के माध्यम से शामिल होकर धार्मिक लाभ उठा रहीं हैं।

# कलयुग में श्रीमद्भागवत मोक्षदायिनी

**कथा के दौरान श्रेया किशोरी ने भगवान की लीलाओं का किया गुणानुवाद**



**तेंदूखेड़ा ।** वैशाख मास के दौरान क्षेत्र में विविध धार्मिक आयोजन चल रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते नगर के प्रतिष्ठित काली मठ के समीप नगर की ही कथा व्यास सुश्री श्रेया किशोरी के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण और कथा श्रवण का महत्व बताते हुए स्पष्ट किया कि कलयुग में इस कथा श्रवण मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।जिस श्रद्धालु द्वारा श्रीमद्भागवत पुराण का पाठ और कथा कराई जाती है उसके पूर्व जन्मों पूर्वजों की पुण्याई से ही यह अवसर प्राप्त हो पाता है। प्रहलाद की भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि प्रत्येक प्राणी मात्री की ईश्वर में इसी तरह से अटूट श्रद्धा और विश्वास होना चाहिए।अनेक यातनाओं के उपरांत भी प्रहलाद जी ईश्वर से विलग नहीं हुये। स्वयं भगवान को उनकी रक्षा के लिए आना पड़ा।जो व्यक्ति भगवान की भक्ति में लीन हो जाता है उसके सभी काम ईश्वर संपन्न करने लगते हैं। श्रीकृष्ण जन्म धूमधाम से मनाया बधाई गीत मंगल गान गाये। नन्हें बाल स्वरूप में बालकृष्ण का पूजन अर्चन किया।श्रेया किशोरी ने बताया कि धरती पर जब जब अनीति अधर्म अत्याचार बढ़ता है तब तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म-कर्म की राह पर चलने वाले लोगों की रक्षार्थ जन्म लेते हैं।कंस के अत्याचार से हर वर्ग परेशान था उसने स्वयं के बहिन बहनोई को कारागार में डाला। कारागार में ही भगवान ने जन्म लिया और वाल्यास्था में आसुरी शक्तियों का मर्दन किया। कथा व्यास ने गोवर्धन पर्वत का वर्णन करते हुए स्पष्ट किया इंद्र को जब अभिमान हुआ तो उनके द्वारा प्राप्त शक्तियों का दुरुपयोग करते हुऐ तेज वारिस कराना चाही लेकिन योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने भक्तों की रक्षा के खातिर और इंद्र का मान तोड़ने अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाया। तीन मई से चल रही संगीतमय कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहें हैं।